Indian Banks' Association
(On behalf of member Banks, NABARD and Insurance Companies)
www.iba.org.in

वित्तीय सेवाएं विभाग
वित्त मंत्रालय
भारत सरकार


# UPI


## UPI ऐप पर पंजीकरण करने की प्रक्रिया

UPI सेवा प्राप्त करने की सुविधा

1. आप किसी भी UPI सेवा प्रदान करने वाली बैंक में ज़रूरी केवाईसी द्वारा अपना खाता खुलवा लें।
2. अपना खाता खुलवाते समय यह सुनिश्चित कर लें की आपने बैंक को अपना मोबाइल नंबर दिया है और "मोबाइल बैंकिंग " के विकल्प को फॉर्म में चुन लिया है।
3. इससे आपको बैंक द्वारा प्रदान मोबाइल बैंकिंग की सभी सुविधा प्राप्त हो सकेंगी।
4. साथ ही आपको यह भी ध्यान रखना है कि आपने अपने खाते के साथ मिलने वाले डेबिट कार्ड एवं पिन के विकल्प को भी चुना है।
5. यदि आप पहले से ही खाता धारक हैं और आपने अभी तक अपना मोबाइल नंबर अपने खाते में दर्ज नहीं करवाया है, तो आप अपने बैंक की किसी भी शाखा में जाकर, या फिर अपने डेबिट कार्ड की मदद से किसी भी एटीएम में जाकर मोबाइल नंबर का पंजीकरण करवा सकते हैं।


## UPI ऐप डाउनलोड करना और रजिस्टर करना









1. UPI ऐप डाउनलोड करने के लिए प्ले स्टोर पर जाएँ। अपने गूगल प्ले स्टोर पर जाकर UPI लिखें और सर्च का बटन दबायें

2. इसके साथ ही आपको सभी बैंकों द्वारा UPI की सुविधा देने के लिए बनाई हुई ऐप दिखाई देगीं | आपके पसंद की बैंक द्वारा दी जाने वाली ऐप को चुनें











3. UPI ऐप को इनस्टॉल करते समय, ऐप द्वारा SMS भेजा जाता है।

4. यदि आप 2 सिम वाला फोन इस्तेमाल कर रहे हैं, तो सुनिश्चित करें कि आप अपने मोबाइल के उसी सिम का उपयोग कर रहे हों जो आपके बैंक के खाते से जुड़ा हुआ है

5. इस ऐप में भी बैंक द्वारा पूछे जाने वाली जानकारी भरें| अपना नाम, जन्म तिथि, लिंग आदि की जानकारी भरें












6. ऐप का पासवर्ड भी निश्चित कर लें. यह आपको ऐप में लॉग-इन करने के काम आएगा। अपना पासवर्ड किसी भी अन्य व्यक्ति को ना दें | संभव हो तो अपने फ़ोन को भी पासवर्ड से लॉक रखें

7. अपने बैंक की ऐप में अब आप लॉग-इन कर सकते हैं

8. सबसे महत्वपूर्ण काम आपको करना है - अपने लिए एक UPI आई डी (VPA) बनाए. जैसे, यदि आपका नाम रचित है और आपने एबीसी बैंक की ऐप डाउनलोड की है - तो आपना UPI आई डी 'रचित@एबीसीबैंक' बना सकते हैं। आप अपनी UPI आई डी के तौर पर मोबाइल नंबर (जैसे की 9812365465@sbi) या आधार नंबर (जैसे की 444333001234@sbi) आई डी बना सकते हैं।











9. आपके बैंक द्वार बनाई गई UPI आई डी (VPA) की पुष्टि करेगा जिसे आप हमेशा इस्तेमाल के लिए याद रखें

10. इसके पश्चात आपको UPI ऐप में जाकर - अपने बैंक के खाते को इस UPI आई डी (VPA) से जोड़ना है. इसके लिए आप "बैंक अकाउंट "जोड़ने" के विकल्प का चयन करें. आपको UPI में शामिल सभी बैंक दिखाई देंगे. इनमें से जिस किसी बैंक में आपका खाता है, उसे चुन लें। अगर आपके बैंक इस सूची में नहीं है, तो उनका नाम नहीं दिखाया जायेगा


11. आपके बैंक द्वारा आपके ऐप पर वो सभी खाते दिखाए जाएँगे जो आपके मोबाइल नंबर से जुड़े हुए हैं. आप इनमें से अपना कोई भी खाता UPI में जोड़ने के लिए चुन सकते हैं।





12. आपके खाते का अपने UPI आई डी (VPA) से जुड़ने की पुष्टि पायें।




13. अब अपने UPI ऐप मे UPI पिन सेट करें। इसके लिए सेट MPIN का विकल्प चुनें और अपने डेबिट कार्ड का आखरी 6 अंक और समाप्ति तिथि (MMYY) दिए हुए स्थान पर भरें




14. आपके बैंक द्वारा आपके मोबाइल पर SMS से OTP प्राप्त होगा जिसे दिए हुए स्थान पर भरें और अपने पसंद के UPI पिन को अंकित कर दे।





15. आपको UPI पिन सेट करने की पुष्टिकरण प्राप्त होगा। अपना UPI पिन तथा पासवर्ड किसी भी अन्य व्यक्ति को ना दें

नोट: आप अपने एक से अधिक खातों को भी इस पहचान आईडी में जोड़ सकते हैं। किसी से भी अपना UPI पिन साझा ना करें. आप अपनी UPI  आई डी (VPA) के साथ एक से ज़्यादा ख़ाते भी जोड़ सकते हैं।


## UPI ऐप से पैसे भेजने की प्रक्रिया





1.अपने बैंक की ऐप में आप लॉग-इन करें।





2. UPI ऐप में पैसे भेजने का विकल्प चुनें।




3. पैसा लेने वाले का UPI आई डी (VPA), पैसे और टिप्पणी दर्ज करें





4. UPI पिन टाइप करें






5. लेनदेन का पुष्टीकरण पाएं। आप पैसे भेजने या के पाने के बाद अपने बैंक के द्वारा भेजा हुआ SMS पुष्टिकरण भी देख सकते हैं।

<u>नोट</u>: UPI ऐप से पैसे भेजने के लिए खाता क्रमांक और IFS कोड का भी प्रयोग कर सकते हैं।

## UPI ऐप से पैसे प्राप्त करने की विधि



1. UPI ऐप मे पैसे लेने की विकल्प चुनें और पैसे देने वाले का UPI आई डी (VPA), रकम और टिप्पणी दर्ज करें।

नोट : कृपया पैसे भेजने से पहले आप अपने लाभार्थी के नाम की पुष्टि अवश्य कर लें

2. पैसे मांगने की प्रक्रिया का पुष्टिकरण पाए।

3. आपका निवेदन पैसे देने वाले को प्राप्त होगा।











4. पैसा भेजने वाले आपकी पहचान करेगा

5. आपका निवेदन प्राप्त होने पर पैसा देना वाला अपना MPIN टाइप कर के पैसे देने की प्रक्रिया को पूरी क़रेगा।


6.लेनदेन का पुष्टिकरण पाएं। आप पैसे भेजने या के पाने के बाद अपने बैंक के द्वारा भेजा हुआ SMS पुष्टिकरण भी देख सकते हैं।

## UPI ऐप से व्यापारिक लेनदेन










1.दुकानदार के द्वारा आपके UPI आई डी (VPA) पर बिल राशि भेजी जाएगी और आपको इसकी सूचना आपके UPI ऐप पर प्राप्त होगी।

नोट : कृपया पैसे भेजने से पहले आप व्यापारी के नाम की पुष्टि ज़रूर कर लें

2. भेजी गयी बिल राशि और दुकानदार के UPI आई डी (VPA) की जांच करें

3. UPI पिन टाइप करें





4.लेनदेन का पुष्टिकरण पाएं। आप पैसे भेजने या के पाने के बाद अपने बैंक के द्वारा भेजा हुआ SMS पुष्टिकरण भी देख सकते हैं।

## UPI सेवा को लेकर शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया





1. अपने UPI सम्बंधित लेन देन को लेकर शिकायत दर्ज करवाने के लिए "UPI ऐप " के "शिकायत दर्ज करें" विकल्प को चुनें




2. आपके चुनें गये अवधि में किये हुए लेन देन दिखाए जाएंगे। जिस किसी लेन देन को लेकर आप शिकायत दर्ज करना चाहते हैं , उसे चुन लें




3. अपने वित्तीय लेन देन के विवरण को जांच लें, तथा 'शिकायत दर्ज ' करने के विकल्प को चुनें। अपनी शिकायत का कारण/विवरण दर्ज़ करें




4. शिकायत दर्ज होने का पुष्टिकरण पाएं

नोट: अधिक जानकारी के लिए अपने बैंक के ग्राहक सेवा केन्द्र से संपर्क करें